Title: Need for modernisation of T.V. Transmitter at Shimla, Himachal Pradesh.

कर्नल (सेवानिवृत) डॉ0 धनी राम शांडिल्य (शिमला): मैं आपका ध्यान हिमाचल प्रदेश में शिमला संसदीय क्षेत्र के दूर-दराज के क्षेत्रों की दूरदर्शन सुविधाओं से संबंधित समस्याओं की ओर आकृट करना चाहता हूं। मान्यवर, एक ओर इन क्षेत्रों की भौगोलिक व प्राकृतिक परिस्थितियां, कठिन जीवन और दूसरी ओर इस क्षेत्र के कर्मठ, भोले-भाले कृि व फल उत्पादन से जुड़े किसान वर्ग का आधुनिक दूरदर्शन सुविधाओं से पूरी तरह लाभान्वित व संतुट न होना, अपने आप में एक विकट समस्या का रूप बन चुकी है।

अध्यक्ष महोदय, शिमला दूरदर्शन केन्द्र से जो कार्यक्रम प्रतिदिन आधे घंटे का प्रस्तुत किया जाता है, उसका अवलोकन भी संतोाजनक नहीं है। सम्भवतः इन समस्याओं का निदान तभी हो सकेगा यदि इस केन्द्र की आधुनिकीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाये और दूर संचार व्यवस्था को सक्षम बनाने हेतु लगाए टावर्स पर आधुनिक प्रणाली के डिश ऐटींना लगा दिए जायें।

महोदय, आपके माध्यम से मैं केन्द्रीय सरकार से आग्रह करूंगा कि इस समस्या की ओर विशे ध्यान दें ताकि इस क्षेत्र के लोग दूरदर्शन की सुविधाओं का पूरा लाभ उठा सकें।

1650 hours

MR. SPEAKER: The House stands adjourned to meet tomorrow, the 8th August, 2000 at 11 o'clock.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Tuesday, August 8, 2000/Sravana 17, 1922 (Saka)